१९ पोग्गल-अत्ताणुयोगद्दारं

पउमदलगब्भउरं देवं पउमप्पहं णमंसित्ता ।

पोग्गलअत्तणुओअं समासदो वण्णइसामो ।। १ ।।

पोग्गल-अत्ते त्ति अणुयोगद्दारे पोग्गलो णिक्खिविदव्वो । तं जहा- णामपोग्गलो ट्ठवणपोग्गलो दव्वपोग्गलो भावपोग्गलो चेदि चउव्विहो पोग्गलो । णाम-ट्ठवणा-पोग्गला सुगमा । दव्वपोग्गलो✡ आगम-णोआगमदव्वपोग्गलभेदेण दुविहो । आगम-पोग्गलो सुगमो । णोआगमपोग्गलो तिविहो जाणुगसरीर-भविय-तव्वदिरित्तं चेदि । जाणुगसरीर-भवियं गदं । तव्वदिरित्तपोग्गलो थप्पो । भावपोग्गलो दुविहो आगम-णोआगमभावपोग्गलभेएण । आगमो सुगमो । णोआगमभावपोग्गलो रूव-रस-गंध-फासादिभेएण अणेयविहो । तत्थ णोआगमतव्वदिरित्तदव्वपोग्गले पयदं ।

णेगमणयस्स वत्तव्वएण सव्वदव्वं पोग्गलो । आत्तं णाम गृहीतम् । आत्ताः गृहीताः आत्मसात्कृताः पुद्गलाः पुद्गलात्ताः । ते च पुद्गलाः षड्भिः प्रकारैरात्मसात् क्रियन्ते। तं जहा- गहणदो परिणामदो उवभोगदो आहारदो ममत्तीदो परिग्गहादो

पद्मपत्रके गर्भके समान गौर वर्णवाले पद्मप्रभ जिनेन्द्रको नमस्कार करके पुद्गलात्त अनुयोगद्वारका संक्षेपमें वर्णन करते हैं ।। १ ।।

'पुद्गलात्त' इस अनुयोगद्वारमें पुद्गलका निक्षेप किया जाता है । यथा- नामपुद्गल, स्थापनापुद्गल, द्रव्यपुद्गल और भावपुद्गलके भेदसे पुद्गल चार प्रकारका है । इनमें नाम-पुद्गल और स्थापनापुद्गल सुगम हैं । द्रव्यपुद्गल आगमद्रव्यपुद्गल और नोआगमद्रव्य-पुद्गलके भेदसे दो प्रकारका है । आगमद्रव्यपुद्गल सुगम है । नोआगमद्रव्यपुद्गल तीन प्रकारका है- ज्ञायकशरीर, भावी और तद्व्यतिरिक्त । ज्ञायकशरीर और भावी अवगत हैं । तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यपुद्गलको अभी छोडते हैं । आगम और नोआगम भावपुद्गलके भेदसे भावपुद्गल दो प्रकारका है । उनमें आगमभावपुद्गल सुगम है । नोआगमभावपुद्गल रूप, रस, गन्ध और स्पर्श आदिके भेदसे अनेक प्रकारका है । उनमें यहां तद्व्यतिरिक्त नोआगम-द्रव्यपुद्गल प्रकृत हैं ।

नैगम नयके विषय स्वरूपसे सब द्रव्य पुद्गल हैं । आत्त शब्दका अर्थ गृहीत है । अतएव 'आत्ताः पुद्गलाः पुद्गलात्ताः' इस विग्रहके अनुसार यहां पुद्गलात्त पदसे आत्मसात् किये गये पुद्गलोंका ग्रहण है । वे पुद्गल छह प्रकारसे आत्मसात् किये जाते हैं । यथा ग्रहणसे, परिणामसे, उपभोगसे, आहारसे, ममत्वसे और परिग्रहसे । इनकी विभाषा इस प्रकार है-

---

✡ अ-काप्रत्योः 'दव्वपोग्गला' इति पाठः ।

चेदि । विहासा । तं जहा-- हत्थेण वा पादेण वा जे गहिदा दंडादिपोग्गला ते गहणदो अत्ता पोग्गला । मिच्छत्तादिपरिणामेहि जे अप्पणो कदा ते परिणामदो अत्ता पोग्गला । गंध-तंबोलादिया जे उवभोगे अप्पणो कदा ते उवभोगदो अत्ता पोग्गला । असण-पाणादिविहाणेण जे अप्पणो कदा ते आहारदो अत्ता पोग्गला । जे अणुराएण पडिग्गहिया ते ममत्तीदो अत्ता पोग्गला । जे सायत्तो ते परिग्गहादो अत्ता पोग्गला ।

अधवा, पोग्गलाणमत्ता रूव-रस-गंधफासादिलक्खणं सरूवं पोग्गलअत्ता णाम। तेसिं च अणंतभागवड्ढि-असंखेज्जभागवड्ढि-संखेज्जभागवड्ढि-संखेज्जगुणवड्ढि-असंखेज्जगुणवड्ढि-अणंतगुणवड्ढि त्ति रूवादीणं छव्विहाओ वड्ढीओ होंति । तासिं परूवणा जहा भावविहाणे कदा तहा कायव्वा । सट्ठाणस्स वि असंखेज्जलोगमेत्ताणि ट्ठाणाणि होंति । तेसिं पि एवं चेव परूवणा कायव्वा । एवं पोग्गलात्ते✻ त्ति समत्तमणुयोगद्दारं ।

जो दण्ड आदि पुद्गल हाथ अथवा पैरसे ग्रहण किये गये हैं वे ग्रहणसे आत्त पुद्गल कहलाते हैं । मिथ्यात्व आदि परिणामोंके द्वारा जो पुद्गल अपने किये गये हैं वे परिणामसे आत्त पुद्गल कहे जाते हैं । जो गन्ध और ताम्बूल आदि पुद्गल उपभोग स्वरूपसे अपने किये गये हैं उन्हें उपभोगसे आत्त पुद्गल समझना चाहिये । भोजन-पान आदिके विधानसे जो पुद्गल अपने किये गये हैं उन्हें आहारसे आत्त पुद्गल कहते हैं जो पुद्गल अनुरागसे गृहीत होते हैं वे ममत्वसे आत्त पुद्गल हैं । जो आत्माधीन पुद्गल हैं उनका नाम परिग्रहसे आत्त पुद्गल हैं ।

अथवा, 'अत्त' का अर्थ आत्मा अर्थात् स्वरूप हैं । अतएव 'पोग्गलाणं-अत्ता पोग्गल-अत्ता' इस विग्रहके अनुसार पुद्गलात्त (पुद्गलात्मा) पदसे पुद्गलोंका रूप, रस, गन्ध व स्पर्श आदि रूप लक्षण विवक्षित है । उन रूपादिकोंके अनन्तभागवृद्धि, असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि और अनन्तगुणवृद्धि ये छह वृद्धियां होती हैं । उनकी प्ररूपणा जैसे भावविधानमें की गयी है वैसे करना चाहिये । स्वस्थानके भी असंख्यात लोक मात्र स्थान होते हैं । उनकी भी इसी प्रकारसे प्ररूपणा करना चाहिये । इस प्रकार पुद्गलात्त यह अनुयोगद्वार समाप्त हुआ ।

✻ ताप्रतौ 'पोग्गलत्ते' इति पाठः ।